जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

16 दिसंबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

इराक दूतावास के नवनियुक्त सांस्कृतिक अताशे ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलसचिव से मुलाकात की

इराक दूतावास के सांस्कृतिक अताशे के रूप में हाल ही में कार्यभार संभालने वाले डॉ. फिरास सबा सालेह ने आज अपने देश और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के बीच सहयोग और शैक्षिक आदान-प्रदान को मजबूत करने के उद्देश्य से जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलसचिव प्रो मोहम्मद महताब आलम रिजवी से मुलाकात की।

डॉ. सालेह के साथ इराक के निवर्तमान सांस्कृतिक अताशे डॉ. अम्मार अब्दुलहमद खादर भी थे। जामिया मिल्लिया इस्लामिया की विदेशी छात्र सलाहकार प्रो साइमा सईद ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और उन्हें बताया कि इराक से बड़ी संख्या में छात्रों के लिए जामिया मिल्लिया इस्लामिया 'घर से दूर घर' है।

प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी ने इराक दूतावास को शुभकामनाएं देते हुए जामिया मिल्लिया इस्लामिया की ओर से अधिक शैक्षिक और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने की इच्छा व्यक्त की जिससे इराक से अधिक से अधिक छात्रों को जामिया मिल्लिया इस्लामिया में उच्च अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने कहा कि एक इष्टतम शैक्षणिक वातावरण और छात्रावास की सुविधा प्रदान करने के अतिरिक्त विश्वविद्यालय गैर-अंग्रेजी भाषी देशों से आने वाले छात्रों के लिए लेखन और विश्लेषणात्मक कौशल विकसित करने के लिए अल्पकालिक- इंग्लिश फॉर अकैडमिक पर्पज़ (ईएपी) भी प्रदान करता है। प्रो मोहम्मद महताब आलम रिजवी ने कहा कि यह कोर्स उनकी शैक्षणिक यात्रा को सुचारू बनाने और वैश्विक कौशल प्राप्त करने में कामगार सिद्ध होगा ।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया इराक के उन छात्रों के लिए अध्ययन का एक पसंदीदा स्थल है जो वर्तमान समय में इस विश्वविद्यालय में अनेक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत हैं, जिनमें इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस और जीवन विज्ञान में पीएचडी कोर्स एवं वास्तुकला, जीवन विज्ञान तथा अन्य विज्ञान के संकायों में स्नातकोत्तर कार्यक्रम शामिल हैं।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया